## शिक्षक सम्मेलन के लिए रवाना हुए शिक्षक

**सादुलपुर, (निसं)।** रतनगढ़ में आयोजित होने वाले 25 व 26 अक्टूबर को दो दिवसीय विशाल जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में राजगढ़ से राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के शिक्षक शुक्रवार सुबह 7.30 बजे के करीबन राजगढ़ रेलवे स्टेशन से रतनगढ़ को जाने वाली ट्रेन से रवाना हुए। इसी दौरान राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ़ के अध्यक्ष मानसिंह मेहरा ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं के लिए हम तैयार है तथा सदैव तैयार रहेगे। तथा ब्लॉक राजगढ़ से अधिकाधिक संख्या में भागीदारी निभाने का प्रयास किया गया है। मेहरा ने बताया रतनगढ़ में आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय शिक्षक सम्मेलन में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर मंथन किया जायेगा। इसी दौरान शिक्षकों ने राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर जिन्दाबाद के नारे लगाये। इसी दौरान राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ़ के अध्यक्ष संतलाल उप प्राचार्य, सोमवीर, मांगेराम सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# 'शारीरिक गतिविधियों से ही संभव है जीवन का समुचित संचालन'

### फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान अंतर्गत हुई स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम आधारित दौड़

**चूरू, (कासं.)।** जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम आधारित दौड़ का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, प्रधान दीपचंद राहड़, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल, डीसीएफ भवानी सिंह, सीईओ श्वेता कोचर, एसडीएम बिजेंद्र सिंह सहित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना किया। दौड़ जिला खेल स्टेडियम से रवाना होकर पंखा सर्किल से होते हुए डॉ भीमराव अंबेडकर सर्किल से होते हुए वापस जिला खेल स्टेडियम तक आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राठौड़ ने कहा कि शारीरिक गतिविधियों से ही

- **जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 5.0 अभियान अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम आधारित दौड़ का आयोजन किया**

जीवन का समुचित संचालन संभव है। शरीर का मानसिक, आध्यात्मिक, भौतिक व भावनात्मक सहित सम्पूर्ण विकास शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करता है। दिनचर्या में खेल गतिविधियां शामिल होने से ही प्रत्येक कार्य ताजगी व ऊर्जा के साथ संभव हो जाता है। विधायक सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि देश की युवा पीढ़ी फिट रहे। शारीरिक गतिविधियों के साथ खेलों के क्षेत्र में देश आगे बढ़े और इन गतिविधियों में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हो। हम सभी को अपनी दिनचर्या में कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधियों को शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने विधायक कोष से 5 लाख रुपए की राशि से जिला खेल स्टेडियम में सौर उर्जा संयंत्र लगाने की बात कही। कलक्टर सुराणा ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही समृद्ध जीवन का मूल है। शारीरिक दक्षता से ही मानसिक दक्षता हासिल की जा सकती है। इसलिए अपने जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हमें शारीरिक गतिविधियों को आदत में शामिल करना होगा। दिनचर्या में खेल गतिविधियों को जोड़कर ही हम अपने लक्ष्यों को समग्र उर्जा दे पाएंगे। इस अवसर पर प्रधान दीपचंद राहड़ व जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सीईओ श्वेता कोचर ने आभार जताया। जिला कलक्टर सुराणा ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की शपथ दिलाई। संचालन शिशपाल बुडानिया ने किया। कलक्टर अभिषेक सुराणा, विधायक हरलाल सहारण सहित अतिथियों ने रन में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि व प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने रन में पुरुष वर्ग में प्रथम रहे प्रीतम को 5100 रुपए, द्वितीय रहे अमित को 3100 रुपए, तृतीय रहे गिरधारी को 2100 रुपए व महिला वर्ग में प्रथम रही निर्मला को 5100 रुपए, , सुमन सारण, निकिता शर्मा सहित प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

## जिला स्तरीय सम्मेलन में किया मंथन

**झुंझुनूं, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का जिला स्तरीय अधिवेशन शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सीडीईओ अनुसूइया थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ एलीमेंट्री मनोज कुमार ढाका ने की। विशिष्ट अतिथि अलसीसर सीबीईओ राजेंद्र कुमार सिंह, एसीबीईओ चिड़ावा सुशील कुमार शर्मा, पिलानी सीबीईओ मनीष चाहर, अशोक जांगिड़, राजबाला खीचड़, प्रमोद आबूसरिया एडीईओ आदि के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। अधिवेशन में जिलाध्यक्ष अशोक कुलहरि ने सभी का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। जिला मंत्री सुदेश यादव ने संगठन का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ताओं में राजकुमार मूंड, गौरूराम कुलहरि आदि ने शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उपस्थित अधिकारियों ने जिले से संबंधित सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राज्य स्तर व जिला स्तर पर सम्मानित शिक्षकों का सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### जनजागृति पैदल यात्रा रवाना

**तारानगर, (निसं)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, भाजपा युवा नेता प्राक्रम राठौड़ ने ने शुक्रवार को सामाजिक जनजागृति पैदल यात्रा को भगवान परशुराम सर्किल से झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा को रवाना करते हुए राठौड़ ने कहा कि ये यात्रा समाज सुधार में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह राठौड़ ने कहा कि यात्रा के क्षेत्र में एक सुधार की नई पहल होगी। विद्युत विभाग, नगरपालिका आदि पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, आईजीएनपी अधिशाषी अभियंता प्रभुसिंह राठौड़ थानाधिकारी गौरव खिड़िया, सीडीपीओ शिवराजसिंह राजवी, अधिशाषी अधिकारी अजय प्रतापसिंह, कनिष्ठ अभियंता ओमप्रकाश मोहम्मद तैयब, पीटीआई रामसिंह माहीच, नंदू मेघवाल, जयदेव सिंह राठौड़, महावीर सैनी, सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पैदल यात्रा रवाना हुई।

### कारागृह का किया औचक निरीक्षण

**पाटन , (निसं)।** जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजेंद्र शर्मा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर सचिव शालिनी गोयल ने नीमकाथाना कारागृह का औचक निरीक्षण किया। तालुका विधिक समिति सचिव अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सीकर ने नीमकाथाना कारागृह का औचक निरीक्षण किया तथा कैदियों से मिल कर जेलर से सम्पूर्ण जानकारी ली, जिसमें किसी तरह की कोई खामियां देखने को नहीं मिली।

### मंत्री पद पर मनोनीत किया

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल समाज राजस्थान की प्रांतीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दो पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया है।यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय युवा अग्रवाल समाज के प्रदेश महामंत्री संदीप बजाज ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता योगेश अग्रवाल व अंकित बजाज को युवा अग्रवाल समाज राजस्थान के प्रदेश संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया हैं । उन्होंने बताया कि योगेश व अंकित की सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता, समाज के प्रति विशेष जुड़ाव,लगाव व समर्पण भाव को देखते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल समाज राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष विष्णु भूत व युवा अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष रोहित जैन की अनुशंसा पर नियुक्ति दी गई है। दोनों की नियुक्ति पर अग्रवाल समाज के प्रबुद्ध जनों सहित उनके समर्थकों, सहयोगियों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है तथा प्रांतीय व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### अग्र प्रसाद का होगा आयोजन

**झुंझुनूं।** अग्रवाल समाज समिति झुंझुनूं के तत्वावधान में दो नवंबर शनिवार को अग्रसेन भवन झुंझुनूं में शाम 6 बजे दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला एवं सचिव शिवचरण हलवाई ने बताया कि दीपावली स्नेह मिलन के अवसर पर रंगारंग मनोरंजन कार्यक्रम कार्यक्रम के पश्चात अग्र प्रसाद का आयोजन चंद्रप्रकाश रविकुमार बिरमीवाला अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी के सौजन्य से होगा। उन्होंने बताया कि मनोरंजन कार्यक्रम भरो तब तक-जीतो जब तक का आयोजन स्वर्गीय छोटेलाल खंडेलिया परिवार के सौजन्य से संयोजक सीए नितिन गुप्ता एवं आशीष कानोडिया के संयोजन में किया जाएगा।

### खेत मे फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रतनगढ़,(निसं)।** तहसील के गांव गोरीसर के पास खेत मे गुरुवार रात किसी समय गोरीसर निवासी युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या करली। पुलिस ने बताया कि आज शुक्रवार को गांव गोरीसर निवासी मुकेशसिंह पुत्र महावीरसिंह राजपूत ने रिपोर्ट दी है। कि उसका बड़ा भाई 32 वर्षीय दिलीपसिंह पुत्र महावीरसिंह राजपूत जो शराब का आदि था। और मानसिक रूप से परेशान रहता था। दिलीपसिंह कल गुरुवार को घर से निकल गया था ओर आज शुक्रवार सुबह गांव के पास खेत मे पेड़ पर झूलता हुआ मिला। उसने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करली।

## दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन

**चूरू, (कासं.)।** रेसा-पी प्रधानाचार्य चूरू का दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय में रेसा पी के संरक्षक प्रमोद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र गंडास ने स्वागत भाषण में संगठन की उपलब्धियों और भावी चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रमेंद्र शर्मा ने गत दो वर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर जिला इकाई द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी दी। जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गहलोत ने आय व्यय का विवरण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला संरक्षक महेश कुमार सोनी ने सभी से संगठन को मजबूत करने का आव्हान किया। इस दौरान प्रधानाचार्यों ने नई शिक्षा नीति, गैर शैक्षणिक कार्यों का बढ़ता बोझ, न्यून नामांकन, डीईओ पदोन्नति व केंद्र के समान वेतनमान पर चर्चा की। इस सत्र में सत्यनारायण सैनी, अश्विनी

- **रेसा-पी प्रधानाचार्य चूरू का दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन शुक्रवार को पी के संरक्षक प्रमोद मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ**

पारीक, विश्वनाथ भाटी, निर्मला गहलोत, महेंद्र सारण, कमल शर्मा व एडीईओ नारायण मेघवाल ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। निर्वाचन अधिकारी खालिद तुगलक ने बताया कि सर्वसम्मति से राम कुमार खीचड़ को जिलाध्यक्ष, हरिप्रसाद टाक को जिला मंत्री व राजेंद्र गहलोत को निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। मुख्य अतिथि प्रमोद मिश्रा ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा व सेवा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## प्रकोष्ठ प्रभारियों की बैठक ली

**झुंझुनूं, (निसं)।** विधानसभा उप चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सामान्य, पुलिस एवं व्यय आर्ब्जवर नियुक्त किए गए हैं। शुक्रवार को सामान्य आर्ब्जवर एस भार्गवी आईएएस, पुलिस आर्ब्जवर डॉ. अशोक मलिक आईपीएस एवं शक्ति ए आईआरएस ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी रामावतार मीणा ने बताया कि उप चुनाव के संबंध में जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर कार्य विभाजन कर दिया गया है, जिनकी प्रगति संतोषजनक है। आदर्श आचार संहिता की जिले में पालना करवाई जा रही है। शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिवस था। जिसमें 14 प्रत्याशियों ने कुल 21 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार आर्य, एवं एपीआरओ विकास चाहर सहित मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। इसके बाद ऑब्जर्वर्स ने सुविधा प्रकोष्ठ, व्यय निरीक्षण प्रकोष्ठ समेत सभी प्रकोष्ठ प्रभारियों से प्रगति जानी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पैदल भ्रमण कर कानून व ट्रैफिक व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- **दीपावली पर्व को लेकर रतनगढ़ में दुकानदारों से वार्ता कर आवश्यक दिए दिशा निर्देश**
- **उप अधीक्षक अनिल कुमार , थानाधिकारी कमलेश सैनी ने राजलदेसर बाजारों में पैदल चलकर भ्रमण किया**

**राजलदेसर,(निसं) ।** राजलदेसर में आगामी दीपावली के पावन पर्व को लेकर कस्बे में कानून व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर रतनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार , थानाधिकारी कमलेश सैनी ने राजलदेसर बाजारों में पैदल चलकर भ्रमण किया ।

दो दिन पूर्व आयोजित सीएलजी बैठक में ट्रेफिक व्यवस्था तथा आवारा गोवंश की समस्या से अवगत करवाने पर शुक्रवार सुबह पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार ने बाजार पहुँचकर दुकानदारों , व्यापारियों से यातायात व्यवस्था सुधार के लिए वार्तालाप की । यातायात पार्किंग से आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बडौदा चौक पहुंचकर बैक मैनेजर से बातचीत कर उनको गार्ड लगाने की बात कही बैंक मैनेजर ने कहा कि हमारे पास अभी कोई भी गार्ड नहीं है । पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस थाने सीएलजी बैठक में बैक ऑफ बड़ौदा चौक तथा सुभाष चौक बस स्टेण्ड पर यातायात व्यवस्था की समस्या से अवगत करवाया तथा आवारा गोवंश की भी समस्या आई। जिस पर आज कस्बे का भ्रमण कर व्यापारीयों से समस्या के समाधान के लिए सुझाव मांगे गए। बैक में आने वाले ग्राहकों की वाहन की व्यवस्थित सही तरीके से लगाने के निर्देश दिये। दुकानदारों को अपने वाहन पास में स्थित किसी सरकारी जमीन पर पार्किंग करने की बात कही । रेहड़ियों तथा टेम्पु को व्यवस्थित रूप से खड़ा करने को निर्देशित किया। बस बिना समय बसस्टेण्ड पर पार्किंग न करने के लिए बस मालिकों को निर्देश दिये है। आवारा गोवंश की समस्या पर विचार किया जा रहा है। सब्जी विक्रेता से खराब सब्जी नगरपालिका गाड़ी में डालने तथा नगरपालिका को शाम के समय गाड़ी भेजने के लिए दिशा निर्देश किया। बाजार में एक तरफा व्यवस्था की गई है। दिपावली के त्योहार के बाद आवश्यकता अनुसार बदलाव किया जायेगा। इस अवसर पर विष्णु , पवन , नगर पालिका के अर्जुन , हरिप्रसाद सहित तहसील कार्यालय के कर्मी व कस्बे के अनेकों व्यक्ति उपस्थित रहे ।

# झुंझुनूं में कांग्रेस के लिए बगावत परेशानी खड़ी कर सकती है!

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव के नामांकन के अंतिम दिन सात प्रत्याशियों ने 12 नामांकन पत्र दाखिल किए। मधु मुरारका ने राष्ट्रीय मंगलम पार्टी से, दिनेश कुमार, दानसिंह शेखावत, अमित कुमार, अल्तीफ, अमित कुमार महला व अशफाक ने निर्दलीय पर्चा भरा। एक प्रत्याशी का छोड़कर सभी ने दो-दो नामाकंन प्रस्तुत किए। पूर्व आईएएस अशफाक हुसैन ने निर्दलीय के साथ साथ बहुजन समाज पार्टी के सिंबल से भी नामांकन पर्चा दाखिल किया है। अशफाक हुसैन मंडावा विधानसभा के नूआं गांव के रहने वाले हैं। 2018 में आईएएस पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

अशफाक हुसैन ने कहा कि झुंझुनूं मेरा रिश्ता है। यहां के हालात अच्छे से जानता हूं। यहां के क्या क्या मुद्दे है। लोगों की क्या परेशानिया हैं, मेरी कोशिश रहेगी कि यहां के लोगों की परेशानियां दूर कर योगदान दे सकूं। उन्होंने कहा कि मुझे रिटायर हुए 6 साल हो गए हैं, घर बैठे बोर हो गया हूं, सोचा कि लोगों की सेवा कर लूं। उन्होंने कहा कि 2023 के चुनाव में मैंने सोचा नहीं था कि मुझे राजनीति में जाना चाहिए। रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि आज नामाकंन आखिरी दिन था। 14 प्रत्याशियां के द्वारा 21 नामाकंन प्रस्तुत किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को की जाएगी। जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर को होगी।झुंझुनूं में बीजेपी ने चाहे डेमेज कंट्रोल कर लिया हो, लेकिन कांग्रेस के लिए बगावत परेशानी खड़ी कर सकती हैं। इस्लामपुर सरपंच आमीन मनियार की बगावत के बाद अब रिटायर्ड आईएएस अशफाक हुसैन ने बसपा और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव के लिए अपना नामांकन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष पहुंचकर दाखिल किया है। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अशफाक हुसैन ने कहा कि उन्होंने बसपा और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं में कुछ लोगों की मोनोपॉली है, अगर कुछ लोगों की मोनोपॉली होती है तो पार्टी खराब हो जाती है। उन्होंने कहा कि वे इस मोनोपॉली को तोड़ने के लिए कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं के हालात से वे वाकिफ हैं। झुंझुनूं के विकास में योगदान देने के लिए अपनी कोशिश करेंगे। जाति, धर्म प्रजातंत्र को बैकवर्ड में ले जाने का काम करती है। जानकारी के अनुसार अशफाक हुसैन के भाई लियाकत अली कांग्रेस राज में वक्फ बोर्ड चेयरमैन रहे हैं। उनके परिवार में 10 के करीब आईएएस, आईपीएस, आरएएस, आईआरएस पदों पर वर्तमान व रिटायर्ड अधिकारी है।

नामांकन दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन था। कुल 14 उम्मीदवारों ने 21 नामांकन दाखिल किए है। इनमें दिलचस्प यह है कि कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला के अलावा दो और अमित, अमित कुमार तथा अमित कुमार महला ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। जिन 14 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं ।

## नरेश मीणा ने ठोकी ताल, कांग्रेस का संकट बढ़ा

**जयपुर, (का.प्र.)।** राजस्थान की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा ने न सिर्फ पहले उम्मीदवार घोषित किए, बल्कि तमाम बागियों को भी बिठाकर सफलता प्राप्त की। इधर पहले तो कांग्रेस ने उम्मीदवारी में देरी की, अब कांग्रेस में बगावत हो गई है और कांग्रेस के लिए संकट खड़ा कर रही है।कांग्रेस की बगावत के साथ ही राजस्थान में एक और सीट पर अब त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर बीजेपी ने पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर को टिकट दी है, तो कांग्रेस से केसी मीणा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। अब इस सीट से नरेश मीणा ने पूरी ताकत दिखाते हुए बतौर निर्दलीय प्रत्याशी शुक्रवार को पर्चा दाखिल कर दिया है।

विधानसभा उपचुनाव के लिए देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर युवा कांग्रेस नेता रहे नरेश मीणा ने अपना नामांकन पत्र शुक्रवार को दाखिल किया। मीणा ने कांग्रेस से बगावत करते हुए निर्दलीय के रूप में नामांकन भरा है। इस दौरान बड़ी संख्या में नरेश मीणा के समर्थक भी मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद नरेश मीणा मीडिया के मुखातिब हुए और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे अपने समर्थकों से बात करने के बाद ही चुनाव मैदान में आए हैं।

# अमित ओला और एमडी चोपदार आमने-सामने

**झुंझुनूं, (निसं)।** उप चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। तो वहीं धीरे-धीरे चुनावी रंगत के साथ-साथ बयानबाजी का दौर भी शुरू हो गया है। नामांकन दाखिल करने से पहले कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला ने एक इंटरव्यू में एमडी चोपदार को लेकर पूछे गए सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि वे भाजपा सरकार के मदरसा बोर्ड चेयरमैन हैं, जिस पर बयानों का दौर शुरू हो गया है। अमित ओला के इस बयान पर पलटवार करते हुए मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार ने कहा कि अफसोस होता है कि अमित ओला को नॉलेज तक नहीं है। उन्हें ये नहीं पता कांग्रेस राज में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उन्हें मदरसा बोर्ड चेयरमैन बनाया था। जानकारी के अनुसार अमित ओला एक यू ट्यूबर को इंटरव्यू दे रहे थे, जिसमें उन्हें एमडी चोपदार को लेकर सवाल किया तो अमित ओला ने कहा कि एमडी चोपदार मुस्लिम समाज के ठेकेदार नहीं हैं, बहुत बड़ा मुस्लिम समाज है। जिसमें काफी समझदार लोग है। मुस्लिम समाज एकजुटता के साथ कांग्रेस के साथ है। एमडी चोपदार भाजपा सरकार के मदरसा बोर्ड के चेयरमैन है, जो अपनी सरकार के लिए जो करना चाहे कर सकते हैं।

यह बयान जब वायरल हुआ तो मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार ने कहा कि उन्हें कांग्रेस राज में मुख्यमंत्री

- **अमित ओला बोले कि एमडी चोपदार भाजपा सरकार के चेयरमैन, तो चोपदार ने कहा कि अफसोस होता है कैसे उम्मीदवार हैं, जिन्हें नॉलेज तक नहीं**

अशोक गहलोत ने मदरसा बोर्ड चेयरमैन बनाया था। बीजेपी ने सरकार में आने के बाद 28 फरवरी 2024 को उन्हें पद से हटा दिया था, जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेशों पर वे पद पर बैठे हैं। मुस्लिम न्याय मंच 28 अक्टूबर को बैठक कर निर्णय लेगा, लेकिन ओला परिवार को इस बात की तकलीफ है कि 70 हजार वोटों की ताकत रखने वाले मुस्लिम समाज में अब जागरूकता आई है। इस जागरूकता से ओला परिवार को तिलमिलाहट और झूंझलाहट है। उन्होंने कहा कि वे मुस्लिम समाज के कोई ठेकेदार नहीं है, ना ही मुस्लिम समाज का कोई ठेकेदार हो सकता है। वे एक कार्यकर्ता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिस तरह उप चुनावों में विधायक से सांसद बने हरीश मीणा और मुरारीलाल मीणा ने बड़ा दिल दिखाते हुए अपने कार्यकर्ताओं को मौका दिया।

## 'राजस्थान का मार्बल्स उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है'

**जयपुर।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने शुक्रवार को उदयपुर मार्बल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात कर राज्य के मार्बल उद्योग और राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स समिट 2024 के संबंध में चर्चा की। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा, हम सभी प्रदेश के खनिज पत्थर, मार्बल्स तथा इससे संबंधित उद्योगों व उद्यिमयों को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राजस्थानी मार्बल्स की सुंदरता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह पूरे दुनिया में सुप्रसिद्ध है। राजस्थान का मार्बल्स उद्योग भारत के सबसे प्रमुख मार्बल्स उत्पादक और निर्यातकों में से एक है।

## डिश टीवी के लकी ड्रॉ विजेता घोषित

**जयपुर।** भारत की प्रमुख कंटेंट वितरण कंपनी, डिश टीवी ने अपने खास 'डिश की दिवाली' अभियान के पहले साप्ताहिक लकी ड्रॉ विजेता की घोषणा कर दी है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के नॉर्थ जोनल बिजनेस हैड अमित भसीन ने बताया कि इस अभियान के जरिए एक करोड़ से अधिक परिवारों को दिवाली का जश्न मनाने का एक अनोखा अवसर दिया जा रहा है।

